सेंट ज्यूड इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर ने जयपुर में किया अपनी सुविधा का विस्तार

महानगर संवाददाता

जयपुर। सेंट जूड इंडिया चाइल्डकेयर सेंटर (सेंट जूड्स) ने जयपुर में अपने कविता केयर सेंटर के महत्वपूर्ण विस्तार का अनावरण किया है, जिससे कैंसर के उपचार से गुजर रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए निशुल्क, सुरक्षित व पोषण संबंधी आवास प्रदान करने की इसकी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह उपलब्धि समग्र देखभाल प्रदान करने के सेंट जूड्स के मिशन को मजबूत करती है, जिससे नन्हे कैंसर योद्धाओं को उनकी लड़ाई के दौरान 'घर से दूर घर' मिलता है। इस विस्तार के तहत कविता कैंसर केयर सेंटर में अब 37 नई इकाइयों के जुड़ने से 40 से बढ़कर 77 पारिवारिक इकाइयां हो गई हैं। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बीएमटी) से गुजर रहे बच्चों के लिए 24 विशेष इकाइयां और बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी रोगियों के लिए 13 समर्पित इकाइयां है। जयपुर के शांत परिदृश्य में बसा यह केंद्र भरतपुर, पाली, सीकर व चौमूं जैसे जिलों के परिवारों की सेवा करता है, जो एसएमएस अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, भगवान महावीर कैंसर अस्पताल और महात्मा गांधी अस्पताल में इलाज कराना चाहते हैं।

श्री बालाजी इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड के निदेशक आशीष कनोडिया ने कहा कि सेंट ज्यूड्स के साथ हमारी यात्रा 12 साल पहले शुरू हुई थी, जब हमने मुंबई में उनके जीवन को बदलने वाले काम को देखा था। हम तुरंत प्रभावित हुए और अपने सामाजिक उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए जयपुर में उनके साथ 40 बेड वाला एक सेंटर खोलने का फैसला किया और इसका नाम कविता कैंसर केयर सेंटर रखा। हमें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि यह सेंटर प्रारम्भ से ही बहुत प्रभावी ढंग से चल रहा है और बढ़ती जरूरत के कारण हमने अब 37 और इकाइयां जोड़कर सेंटर का विस्तार करने का फैसला किया है। सेंट ज्यूड्स के सीईओ अनिल नायर ने कहा कि सेंट ज्यूड्स में हम सिर्फ रहने की जगह ही नहीं देते, बल्कि हम एक ऐसा पोषण देने वाला माहौल बनाते हैं, जहां बच्चे कैंसर से गरिमा और ताकत के साथ लड़ सकें। इस विस्तार से हम राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा परिवारों को सहायता दे पाएंगे, जिससे हर बच्चे को स्वस्थ और खुशहाल भविष्य की ओर बेहतर अवसर मिलेगा।